पत्र संख्या–26/विविध–06–34/2026.............................../

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, छपरा अंतर्गत "गंगा नदी के बाँये किनारे बली टोला से सबलपुर पछियारी टोला तक कटाव निरोधक कार्य एकरारनामा सं0–04SBD/2026-27 (Agenda No-242/105/2026 एवं 242/106/2026) दिनांक–14.05.2026 के तहत संवेदक एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कोलकता, पश्चिम बंगाल द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य बाढ़ आपदा से संबंधित है, जिसे दिनांक–15.07.2026 तक पूर्ण किया जाना है। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिये जाने के कारण क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य कराने के लिए निदेशित किया गया। इसके बावजूद भी मिट्टी कार्य 1900.00 घनमीटर, मेगा जियो बैग कार्य 539 अद्द कराया गया। जबकि Work Programme के अनुसार मिट्टी कार्य 61689.00 घनमीटर, मेगा जियो बैग कार्य 14201 अद्द एवं बोल्डर क्रेटिंग 4545.00 घनमीटर होना चाहिए था।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप कार्य को ससमय पूर्ण कराने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज के पत्रांक–1951 दिनांक–30.05.2026 द्वारा संवेदक एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, प्रो0–पवन कुमार मिश्रा, कोलकता, पश्चिम बंगाल को डिबार करने की अनुशंसा की गयी। तदालोक में विभागीय पत्रांक–3112 दिनांक–05.06.2026 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गयी। निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी संवेदक से कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने पर मामले की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा के क्रम में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज द्वारा बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का दिनांक–16.06.2026 तक के भौतिक प्रगति प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें विषयांकित कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 16 प्रतिशत पायी गयी।

उक्त से स्पष्ट होता है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य में अपेक्षित प्रगति एवं कार्य को पूर्ण कराने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया। संवेदक का यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतएव मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज से प्राप्त प्रतिवेदन एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के कंडिका 11 (क) (ii) के तहत इस कार्य के पूर्ण होने तक संवेदक एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, प्रो0–पवन कुमार मिश्रा, 170 चितरंजन एवेन्यू, चतुर्थ तल, रूम नं0–4F, कोलकता, पश्चिम बंगाल, पिनकोड–700007 (निबंधन सं0–WRD210425C1CO24169452, श्रेणी–प्रथम) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :–26 / विविध–06–34 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि :– एम0एस0ए0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, प्रो0–पवन कुमार मिश्रा, 170 चितरंजन एवेन्यू, चतुर्थ तल, रूम नं0–4F, कोलकता, पश्चिम बंगाल, पिनकोड–700007 (निबंधन सं0–WRD210425C1CO24169452, श्रेणी–प्रथम) को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26 / विविध–06–34 / 2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26 / विविध–06–34 / 2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26 / विविध–06–34 / 2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज के पत्रांक–1951 दिनांक–30.05.2026 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

2. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, छपरा को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः–26 / विविध–06–34 / 2026 3443 पटना, दिनांक : 19.06.2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/6/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।